आकाशवाणी केन्द्र शिमला
20.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने कहा– युवाओं को स्वरोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दे रही है सरकार।
- एन.टी.ए. ने नीट–यूजी का केंद्रवार परीक्षा परिणाम अपनी वैबसाइट पर किया अपलोड।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप– लंबित परीक्षाओं के परिणाम जानबूझ कर लटका रही है सरकार।

और

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्य सरकार पर बेबुनियाद आरोप लगाने के बजाय भाजपा को सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने की दी सलाह।

...............

बाबा बालकनाथ

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि युवाओं को स्वरोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि इसके लिए पर्यटन के बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है, क्योंकि प्रदेश में हज़ारों परिवार प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से पर्यटन गतिविधियों से जुड़े हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार हमीरपुर जिले के दियोटसिद्ध बाबा बालकनाथ मंदिर के बुनियादी ढांचे को स्तरोन्नत करेगी और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर में रोपवे स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि इस रोपवे पर लगभग 65 करोड़ रूपए की लागत आएगी और इसके माध्यम से मंदिर को टैक्सी पार्किंग से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोपवे के निर्माण से जहां लोगों को आने जाने में सुविधा होगी वहीं भीड़ को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में टैक्सी पार्किंग से मंदिर तक पहुंचने के लिए सिंगल सड़क है और रोपवे के निर्माण से श्रद्धालुओं को यात्रा का वैकल्पिक मार्ग मिलेगा।

अंशदान

इस बीच वेद विहार पब्लिक स्कूल एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष के.एस. श्रीकोट ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के लिए लगभग डेढ़ करोड़ रूपए के अंशदान का चैक मुख्यमंत्री

सुखविंदर सिंह सुक्खू को भेंट किया। इसके अलावा सोसायटी ने एक सौ 10 बैंच, संगीत वाद्ययंत्र और विभिन्न प्रकार की ज्ञानवर्धक पुस्तकों के अलावा कई सामग्री भी भेंट की। मुख्यमंत्री ने इस अंशदान के लिए सोसायटी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वंचित वर्गों के कल्याण व उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल देश का पहला ऐसा राज्य है जिसने छः हजार से अधिक अनाथ बच्चों को कानूनी अधिकार प्रदान कर उन्हें चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बेसहारा बच्चों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करने की जिम्मेदारी उठाई है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी इस मौके मौजूद रहे।

## एनटीए–नीट परिणाम

राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी– एन टी ए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी का केन्द्रवार परिणाम अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। एन टी ए ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद परिणाम वेबसाइट पर डाले हैं। इससे पहले न्यायालय ने एन टी ए को उम्मीदवारों की पहचान की मास्किंग कर आज दोपहर 12 बजे तक वेबसाइट पर शहर–वार और केन्द्र –वार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया था। परिणाम अब वेबसाइट neet डॉट ntaonline डॉट इन पर उपलब्ध हैं।

## हिमकेयर

मुख्य संसदीय सचिव स्वास्थ्य संजय अवस्थी ने कहा है कि राज्य सरकार ने हिमकेयर योजना को बंद नहीं किया है और भाजपा इस संबंध में बेबुनियाद आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी लाभार्थियों को हिमकेयर योजना का लाभ देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और हाल ही में सरकार ने योजना के लाभार्थियों को सौ करोड़ रूपए की राशि जारी की है। संजय अवस्थी ने कहा कि आईजीएमसी शिमला में पैट स्कैन मशीन जल्द स्थापित की जाएगी और भवन निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया व स्क्रब टायफस जैसी बीमारियों से निपटने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है और इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

## सर्वदलीय बैठक

केंद्र सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी विपक्षी दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी। बजट सत्र सोमवार से शुरू होकर अगले महीने की 12 तारीख तक चलेगा। आम बजट 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का ये पहला बजट है। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि ये बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का प्रभावी दस्तावेज होगा।

## विधायक प्रशिक्षण

प्रदेश की 14वीं विधानसभा में पहली बार निर्वाचित हुए विधायकों को विधानसभा की कार्य प्रणाली व क्रियाकलापों से अवगत करवाने के लिए 23 जुलाई को प्रदेश विधानसभा में प्रशिक्षण दिया

जाएगा। इनमें उपचुनाव में चुन कर आए तीन नव–निर्वाचित विधायक भी शामिल है। प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि मौजूदा विधानसभा में पहली बार चुनकर आए 26 विधायकों को सदन में उनकी भूमिका व विशेषाधिकार, प्रश्नकाल, सदन में चर्चा, विधायी कार्य और समितियों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश विधानसभा को देश की प्रथम ई–विधान होने का गौरव प्राप्त है और सभी नए सदस्यों को ई–विधान प्रणाली के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर लंबित परीक्षाओं के परिणाम जानबूझ कर लटकाने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर दिन बड़े–बड़े दावे करती है लेकिन युवाओं को रोजगार देने के मामले में सरकार खामोश हो जाती है। जयराम ठाकुर ने कहा कि डेढ़ वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी सरकार पहले से लंबित परीक्षाओं के परिणाम घोषित नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि जहां सरकार अपने चेहतों को नए–नए पद देने में लगी है वहीं युवाओं की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विपक्ष के नेता ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपना एक तिहाई कार्यकाल झूठ बोलकर ही निकाल चुकी है और नई भर्तियों के नाम पर कुछ भी नहीं किया गया है। उन्होंने सरकार से बिना किसी देरी के लंबित प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम जारी करने को कहा है।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भाजपा को सरकार पर बेबुनियाद आरोप लगाने की बजाए सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा उपचुनावों में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है और जनता पर अनावश्यक उपचुनाव थोपने के लिए भाजपा ही जिम्मेदार है जिसके लिए उसे जनता से माफी मांगनी चाहिए। प्रतिभा सिंह ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार को 70 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज और 10 हजार करोड़ रूपए से अधिक की देनदारियां विरासत में मिली है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का दावा करने वाली पूर्व भाजपा सरकार केंद्र से कोई भी विशेष आर्थिक सहायता लेने में नाकाम रही। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों को ओपीएस और महिलाओं को 15 सौ रूपए की सम्मान राशि जारी कर अपनी गारंटी को पूरा किया है।

कुलदीप सिंह पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने अधिकारियों को मॉनसून सीजन के दौरान संभावित खतरे व आपदाओं से बचाव को लेकर सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। चंबा में आज अधिकारियों के साथ एक बैठक में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों और अन्य सडकों पर जल निकासी का उचित प्रबंध किया जाए वहीं बरसात के दौरान पनपने वाली बीमारियों की रोकथाम को लेकर भी आवश्यक

कदम उठाए जाएं। विधानसभा अध्यक्ष ने लोकनिर्माण, जलशक्ति, खाद्य आपूर्ति और पुलिस सहित अन्य विभागों को आपसी तालमेल से कार्य करने को कहा। कुलदीप सिंह पठानिया ने 26 अगस्त से शुरू होने वाली प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा की तैयारियों को लेकर भी अधिकारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

भाजपा

प्रदेश में भाजपा एक से 15 अगस्त तक एक पेड़ मां के नाम और 15 से 30 अगस्त तक ड्रग्स से मुक्ति जनजागरण अभियान चलाएगी। ऊना में हुई पार्टी की विस्तारित प्रदेश कार्य समिति की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में सभी विधानसभा क्षेत्रों में समारोह आयोजित कर वीर सैनिकों और बलिदानियों को नमन किया जाएगा।

नागर विमानन हवाई अड्डा

नागर विमानन मंत्रालय ने बताया है कि सभी हवाई अड्डों पर विमान संचालन प्रक्रिया सामान्य रूप से शुरू हो गई है। माइक्रोसॉफ्ट में गड़बड़ी के कारण कल उड़ानें प्रभावित हुई थीं। एक बयान में मंत्रालय ने बताया है कि जो गड़बड़ी आई थी, उसे ठीक किया जा रहा है। यह भी कहा गया है कि सरकार हवाई परिचालन की लगातार निगरानी कर रही है। एयरलाइंस यह सुनिश्चित कर रही हैं कि यात्रा समायोजन और भुगतान का ध्यान रखा जाए।

...........................................................................................................................................